पत्रावली [illegible] दिनांक 16/5/2025 को पेश हो।

16/5/2025 — पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी उप० सुना प्रार्थना पत्र सुना। पत्रावली व तहसीलदार रिपोर्ट की रिपोर्ट का अवलोकन किया। पत्रावली वास्ते आदेश दिनांक 23/05/2025 को पेश हो।

उपखण्ड अधिकारी
बसेड़ी (धौलपुर) राज.

23.05.2025 — पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी उप०। प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 131, 136 LR Act स्वीकार किया जाकर निर्णय पृथक से लिखवाया जाकर शामिल पत्रावली किया गया। पत्रावली फैसला शुमार होकर नस्ती हो [illegible] दाखिल दफ्तर हो।

उपखण्ड अधिकारी
बसेड़ी (धौलपुर) राज.

Scanned with OKEN Scanner

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बसेड़ी

प्रार्थना पत्र संख्या 03/2024

1. अशोक कुमार उम्र 59 वर्ष पुत्र भीकमसिंह जाति ब्राम्हण निवासी नौनेरा पृथ्वीसिंह तहसील बसेड़ी जिला धौलपुर मो0 नं0 9602268970

—प्रार्थीया

बनाम

1. श्रीमान तहसीलदार साहब बसेड़ी तहसील बसेडी जिला धौलपुर

—अप्रार्थी

2. अधिशाषी अभियंन्ता सिचाई विभाग बसेडी तहसील बसेडी जिला धौलपुर

—तरतीबी अप्रार्थीगण

निर्णय

दिनांक 23.05.2025

पीठासीन अधिकारी :– सुधा रानी मीना आर.ए.एस
अभिभाषक प्रार्थी :– श्री संजीव कुमार शर्मा
अप्रार्थीः–तहसीलदार बसेडी

प्रार्थी ने यह प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131 व 136 एल.आर.एक्ट एंव धारा 369 लैण्ड रैवन्यू रूल्स दिनांक 1/8/2024 को इस आशय का प्रस्तुत किया है कि प्रार्थी ने आराजी खसरा नम्बर 570 रकबा 0.4400 है0, किस्म चाही सोयम ख0नं0 583 रकबा 0.1500 है0 किस्म बारानी अलिफ, 583/989 रकबा 0.0100 है0 किस्म गै0मु0मंदिर, ख0 नं0 583/990 रकबा 0.0100 है0 किस्म गै0 मु0 कुऑ स्थित ग्राम नौनेरा पृथ्वीसिंह तहसील बसेडी जिला धौलपुर का रजिस्टर्ड खातेदार काश्तकार है तथा मौके पर काबिज है। प्रार्थी की आराजी खसरा नम्बर 583 रकबा 0.1500 हैक्टयर के अन्दर उत्तर पश्चिम मे ख0 नं0 583/989 व 583/990 स्थित है। प्रार्थी की खातेदारी के नम्बरान 583 से लगा हुआ दक्षिण पूर्व मे तरतीवी अप्रार्थी सं0 2 की खातेदारी का ख0 नम्बर 582/981 गैर मुमकिन सडक है। उक्त नाबरान ही इस प्रकरण मे विवादित है। बन्दोवस्त सन 2005 से पूर्व प्रार्थी की आराजी ख0नं0 583 का गत नम्बर 945, 948/1 तथा ख0 न0 583/989 का गत नम्बर 946 व इसी प्रकार 583/990 का गत नम्बर 947 है। बन्दोवस्त 2005 से पूर्व नहर नरूआ के सहारे सहारे सडक बसेडी से सैपउ डाली जा चुकी है इस कारण बन्दोवस्त 2005 मे सिचाई विभाग के खसरा नम्बर 582 को तोडकर गैर मुमकिन सडक 582/981 बनाया गया है। और उक्त नम्बर का इन्द्राज बन्दोवस्त सन 2005 के राजस्व नक्शे मे किया गया है जबकि बन्दोवस्त सन 2005 से पूर्व उक्त सडक के खसरा नम्बर 582/981 का इन्द्राज नही है। बसेडी तहसील मे सैकशियेशन की कार्यवाही हुयी और दौराने सैकेशियेशन कार्यवाही राजस्व कर्मचारीयो ने मनमाने तरीके से प्रार्थी की आराजी खसरा नम्बर 583/990 का अस्तित्व खत्म कर कर दिया है तथा खसरा नम्बर 583/989 गैर मुमकिन मंदिर को उसके मूल स्थान से हटाकर खसरा नम्बर 582/981 के स्थान पर दर्ज कर दिया है। जो कि गलत किया है खसरा नम्बर 583/989 उसके मूल स्थान खसरा नम्बर 583 के उत्तर–पश्चिम मे दर्ज करना चाहिए था । उक्त तथ्यो की प्रार्थी को कोई जानकारी नही हो सकी वह अपने तीनो खसरा नम्बरान पर काबिज होकर अपने उपयोग व उपभोग मे लेता चला आ रहा। दिनांक 10/6/2024 को हल्का पटवारी व

उपखण्ड अधिकारी
बसेडी (धौ.पुर) राज.

Scanned with OKEN Scanner

...दावर प्रार्थी के पास पहुँचे और प्रार्थी से कहने लगे खसरा नम्बर 582/981 गैर मुमकिन सडक का नम्बर है आप इस जगह से अपना मंदिर हटालो तो प्रार्थी ने कहा कि यह मंदिर तो ...की खातेदारी मे है मुझे पूजा अर्चना करने का अधिकार है। सडक का तो मंदिर के दक्षिणी पूर्वी ओर है। इस पर हल्का पटवारी नाराज हो गया और मंदिर को तोडने की धमकी देकर चला गया। प्रार्थी ने राजस्व रिकॉर्ड नये व पुराने नक्शो की नकले निकलवायी, तब प्रार्थी की जानकारी मे पहली बार यह तथ्य आये कि राजस्व कर्मचारियो ने मनमाने तरीके से प्रार्थी की खातेदारी के आराजी खसरा नम्बर 583/990 का अस्तित्व खत्म कर कर दिया है तथा खसरा नम्बर 583/989 गैर मुमकिन मंदिर को उसके मूल स्थान से हटाकर खसरा नम्बर 582/981 के स्थान पर दर्ज कर दिया है उक्त अशुद्धि का इन्द्राज करने का राजस्व कर्मचारीयो को कोई अधिकार नही था प्रार्थी उक्त अशुद्धि को शुद्ध कराने का अधिकारी है। उपरोक्त परिस्थितीयो मे प्रार्थी के लिए यह आवश्यक हो गया है कि वह प्रार्थना पत्र दायर कर खसरा नम्बर 583 के उत्तर पूर्व मे खसरा नम्बर 583/989 तथा 583/990 का इन्द्राज कराये तथा खसरा नम्बर 582/981 को सडक के स्थान पर दर्ज कराये।

प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर प्रार्थना की है कि:–

प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर वर्तमान राजस्व नक्शा वाके ग्राम नौनेरा प्रथ्वीसिंह तहसील बसेडी के खसरा नम्बर 582/981 गैर0 मु0 सड़क के स्थान पर प्रार्थी की खातेदारी के खसरा नम्बर 583/989 व 583/990 के इन्द्राज किये जावे तथा खसरा नम्बर 583/989 के स्थान पर खसरा नम्बर 582/981 का इन्द्राज किये जाने आदेश किये जावे।

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को जरिये सम्मन/नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थी 02 बावजूद सूचना के हाजिर अदालत न होने पर एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई गई। अप्रार्थी 01 तहसीलदार बसेडी की ओर से अपने जबाव में अंकित कथनो को स्वीकार करते हुए रिर्पोट की चरण संख्या 6 मे उल्लेख किया गया है कि तहसील बसेडी में सेग्रिगेशन की कार्यवाही हुई और सेग्रिगेशन कार्यवाही में खसरा नम्बर 583/990का कोई अस्तित्व खत्म नही किया है अपितु ख0नं0 583/990 रकबा 0.0100 हैक्टेयर किस्म गैर मुमकिन कुँआ अपने मूल स्थान पर मौके की यथास्थिती अनुसार बना हुआ है। तथा खसरा पम्बर 583/989 गैर मुमकिन मंदिर को उसके मूल स्थान से हटाकर खसरा नम्बर 582/981 के स्थान पर दर्ज कर दिया है जो गलत है खसरा नम्बर 583/989 को उसके मूल स्थान नये नक्शे मे 582/981 के स्थान पर खसरा नम्बर 583 के उत्तर पश्चिम मे दर्ज किया जाना चाहिए खसरा नम्बर 583/989 रकबा 0.0100 हैक्टेयर किस्म गैरमुमकिन मंदिर को ख0नं0 582/981 रकबा 0.1000 किस्म गैर मुमकिन सडक को आपस मे बदला जावे तथा खसरा नम्बर 583/990 रकवा 0.0100 गै.मु.कुँआ अपने मूल स्थान पर है।

बहस सुनी गई। हमने बहस का मनन किया तथा पत्रावली एवं पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजों नकल जमाबंदी खाता संख्या 10 वाके ग्राम नौनेरा पृथ्वीसिंह तह0 बसेडी सम्वत 2074, नकल जमाबंदी खाता संख्या 336 वाके ग्राम नौनेरा पृथ्वीसिंह तह0 बसेडी सम्वत 2074, नकल नक्शा अक्स वाके ग्राम नौनेरा पृथ्वीसिंह तहसील बसेडी, नकल नक्शा अक्स फोटो प्रति वाके ग्राम नौनेरा पृथ्वीसिंह तह0 बसेडी, नकल नक्शा अक्स वाके ग्राम नौनेरा पृथ्वीसिंह सन 2002, नकल नक्शा पुराना सम्वत 2022 वाके ग्राम नौनेरा पृथ्वीसिंह तहसील बसेडी तथा जवाब अप्रार्थी तहसीलदार बसेडी का अवलोकन किया। अवलोकन से स्पष्ट है कि प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाना उचित प्रतीत होता है।

Sunil

उपखण्ड अधिकारी
बसेडी (धौलपुर) राज.

Scanned with OKEN Scanner

अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार बरोडी को आदेशित किया जाता है कि वर्तमान राजस्व नक्शा वाके ग्राम नौनेरा पृथ्वीसिह तहसील बसेडी के खसरा नम्बर 582/981 गै0मु0सडक के स्थान पर प्रार्थी की खातेदारी के खसरा नम्बर 583/989 व 583/990 के इन्द्राज किये जावे तथा खसरा नम्बर 583/989 के स्थान पर खसरा नम्बर 582/981 का इन्द्राज किये जावे। पत्रावली फैसल शमार होकर नम्बर से कम होकर दाखिल अभिलेखागार हों।

तहरीर तहसीलदार बरोडी को जारी हो ।

आज दिनांक 23.05.2025 को यह फैसला खुले न्यायालय में लिखवाया जाकर सुनाया गया।

(सुधारानी मीणा)
उपखण्ड अधिकारी
उपखण्ड अधिकारी
बसेड़ी (धौलपुर) राज.